ont>

Title: Need to develop Chakia in Champaran district of Bihar as a tourist resort and ensure proper maintenance of roads connecting it .

श्री राधा मोहन सिंह (मोतिहारी) : महोदय, महात्मा गांधी की कर्मभूमि चम्पारण में चकिया एक प्रमुख स्थान है, जो मेरे संसदीय क्षेत्र मोतिहारी में है। चकिया एन.एच. 28 पर जगतजननी माता सीता की जन्मभूमि सीतामढ़ी से राट्रीय राजमार्ग नं. 104 तथा चकिया एन.एच. 28 पर मिलता है। चकिया से केसरिया, जहां विश्व का सवसे बड़ा बोध स्तूप है, यहां पर एक सड़क जाती है जोकि बहुत ही जर्जर अवस्था में है। केसरिया से एक सड़क चंडी स्थान अरेराज से नंदनगढ़ लौरिया होते हुए गंडक नदी पार कर कुशीनगर जिले तक जाती है। यह मार्ग अत्यंत जर्जर अवस्था में है। चंडी स्थान में विशाल मनोविहार, अरेराज में बिहार का प्रसिद्ध सोमेश्वर मंदिर ए वं लोरिया में अशोक स्तंभ स्थित है। यह मार्ग पर्यटन की दृटि से बहुत ही महत्वपूर्ण है। प्रसिद्ध चीनी यात्री हेवन सांग एवं फाहयान भी इस मार्ग से आए थे। भगवान बुद्ध वैशाली के सामंत कुमारी के साथ इस मार्ग से कुशीनगर गए थे, जहां उनका महानिर्वाण हुआ था।

अत: मेरा पर्यटन मंत्री जी से अनुरोध है कि पर्यटन की दृटि से यह स्थल विकसित करके पर्यटन मार्ग का निर्माण करने का कट करें।